# वडोदरा : इएसआइसी कार्यालय में पौधरोपण



**वडोदरा @ पत्रिका.** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वडोदरा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

उप निदेशक (प्रभारी) विमल रावत, उप निदेशक महादेव मीना, सहायक निदेशक दिलीप कुमार झा, कुमार कुंजन, प्रभात कुमार बारीक़ एवं सभी अन्य कर्मचारियों ने पौधे रोपे। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपने का संदेश दिया और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।